षोडश बिहार विधान सभा

नवम् सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-06 बुधवार, दिनांक- 07 मार्च, 2018 ई० ।

माननीय अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 11.15 बजे अपराह्न तक ।

प्रश्नकाल प्रारम्भ होते ही विपक्ष के माननीय सदस्यगण अपनी विभिन्न माँगों को लेकर शोरगुल करते हुए वेल में आ गए ।

"आसन द्वारा बार-बार विपक्ष के माननीय सदस्यों से अनुरोध किया गया कि वे अपने-अपने स्थान पर जायें एवं अपनी बात को निर्धारित समय पर उठायें तभी सरकार भी इसका संज्ञान लेगी । आसन द्वारा कहा गया कि प्रश्नोत्तर काल में सभी माननीय सदस्यों के महत्वपूर्ण प्रश्न सूचीबद्ध हैं इसलिए इसे बाधित नहीं करें ।"

किन्तु सदन में शान्ति कायम नहीं हो सकी और सभा की कार्यवाही भोजनावकाश तक के लिए स्थगित हुई ।

भोजनावकाश के बाद

(02.00 बजे अपराह्न से 05.02 बजे अपराह्न तक)

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

[1] **वित्तीय वर्ष 2018-2019 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की मांगों [खंड-01 (कृषि विभाग, गन्ना उद्योग विभाग तथा मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग)] पर वाद-विवाद एवं मतदान ।** :-

माननीय प्रभारी मंत्री, कृषि विभाग, श्री प्रेम कुमार द्वारा कृषि विभाग से संबंधित आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदान की माँग का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

माननीय सदस्य, श्री भोला यादव द्वारा कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया एवं पक्ष रखा गया ।

अनुदान की मांग एवं कटौती के प्रस्ताव पर वाद-विवाद में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) डा० रामानुज प्रसाद

(इस अवसर पर माननीय अध्यासी सदस्य श्री हरिनारायण सिंह ने आसन ग्रहण किया)

(ii) श्री उमेश सिंह कुशवाहा

(iii) श्री मनोज कुमार

(iv) श्री विनय वर्मा

(v) श्री विजय प्रकाश

(vi) श्री निरंजन कुमार मेहता
(vii) श्रीमती अरूणा देवी
(viii) श्री मदन मोहन तिवारी
(ix) श्री सुदामा प्रसाद
(x) श्री अरूण कुमार
(xi) श्री मेवा लाल चौधरी
(xii) श्री मुंद्रिका प्रसाद राय

तत्पश्चात् सरकार की ओर से माननीय प्रभारी मंत्री, कृषि विभाग, श्री प्रेम कुमार द्वारा वाद-विवाद का उत्तर दिया गया ।

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

सरकार के उत्तर के दौरान विपक्ष के माननीय सदस्यगण सदन से बर्हिगमन कर गये ।

तदोपरान्त् माननीय सदस्य, श्री भोला यादव का कटौती प्रस्ताव सदन से अस्वीकृत हुआ तथा कृषि विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का मूल प्रस्ताव सदन से स्वीकृत हुआ ।

[2] निवेदन :-

आसन से घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल 21 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिये जायेंगे ।

तदुपरान्त् सभा की बैठक वृहस्पतिवार, दिनांक-08 मार्च, 2018 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-07.03.2018

राम श्रेष्ठ राय
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।